बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14 / अ0प्र0–14–89 / 2025 / पटना, दिनांक–

संवेदक पंकज कुमार, पिता–स्व0 योगेन्द्र प्रसाद पाठक, पताः–गायत्री मंदिर, हनुमन्त नगर, वार्ड संख्या–11, जिला–अररिया, पिन कोडः–854311 को अररिया जिलान्तर्गत पलासी प्रखंड के डेहटी में पंचायत सरकार भवन का निर्माण के एकरारनामा संख्याः– 21F2/2013-14 के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 09.07.2013 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 08.07.2014 निर्धारित था। डेहटी में पंचायत सरकार भवन का शेष निर्माण कार्य 10 वर्ष बीत जाने के बावजूद भी उक्त भवन का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किये जाने के कारण कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, अररिया द्वारा उक्त संवेदक के निबंधन संख्या 181 / 2009 को कालीकृत किये जाने हेतु अनुशंसा की गयी है।

कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल–01, अररिया के पत्रांक 839 दिनांक 22.04.2022, पत्रांक 2334 दिनांक 16.06.2023, पत्रांक 4175 दिनांक 20.10.2023 एवं पत्रांक 3962 दिनांक 03.10.2023 (प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से) द्वारा संदर्भित पंचायत सरकार भवन का निर्माण किये जाने हेतु निदेशित किये जाने के बावजूद भी संवेदक द्वारा उक्त भवन का निर्माण नहीं किया गया।

कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल–01, अररिया से प्राप्त अनुशसां के आलोक में विभागीय पत्रांक 6241 अनु0 दिनांक 19.06.2025, पत्रांक 9116 दिनांक 25.08.2025 एवं पत्रांक 10030 दिनांक 18.09.2025 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया था, जो अब तक अप्राप्त है। इससे स्पष्ट होता है, कि संवेदक को अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) (vi) एवं कंडिका 11(ख) (ii) के आलोक में संवेदक Lucky Sinha (Reg. No. 1200056) W/O Satyendar Singh, At- Basantpur, Urf Mohiuddinpur Vaishali Pincode 844504 के निबंधन संख्याः–1200056 को अगले 03 (तीन) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

04.11.25

(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

निबंधित

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–89 / 2025 11339 / पटना, दिनांक–05/11/25

प्रतिलिपि– संवेदक पंकज कुमार, पिता–स्व0 योगेन्द्र प्रसाद पाठक, पताः–गायत्री मंदिर, हनुमन्त नगर, वार्ड संख्या–11, जिला–अररिया, पिन कोडः–854311 को सूचनार्थ प्रेषित।

04.11.25

अभियंता प्रमुख

क०प०उ०

(12)

/पटना, दिनांक–05/11/25

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–89/2025 11339

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधान विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ नगर विकास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/ सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियता/सभी कार्यपालक अभियंता/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

04.11.25

अभियंता प्रमुख

/पटना, दिनांक– 05/11/25

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–89/2025 11339

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

04.11.25

अभियंता प्रमुख

/पटना, दिनांक–05/11/25

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–89/2025 11339

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक/ आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

04.11.25

अभियंता प्रमुख